## —: टीप एवं आख्याएं :—

मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी महोदय,

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद—बलरामपुर में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति एवं आई0एस0ए0 द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में दिनांक 03.10.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक की कार्यवृत्त का पत्रालेख पत्रावली में दायीं ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

15/10/24
18/10/24

CS CamScanner

**जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 03.10.2024 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति एवं आई0एस0ए0 द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 03.10.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, बलरामपुर।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
6. उप परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
8. डिप्टी टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), देवीपाटन, गोण्डा।
9. समस्त संस्था प्रमुख, इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी(आई.एस.ए.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद–बलरामपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 61 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 138 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। 199 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 173 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 26 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 181 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 63 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 18 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 209 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 12कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 109694 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 82849 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 138 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 101 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 236 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा ओ0एच0टी0 के प्री–कास्ट कम्पोनेन्ट की आपूर्ति योजनाओं पर सही ढंग से न होने के कारण ओ0एच0टी0 निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। पाइप लाइन बिछाने के दौरान उसमें गैपिंग की जा रही है जिससे कई ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति के दौरान जगह–जगह लीकेज की समस्या आ रही है। इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था द्वारा पुलिया कासिंग का कार्य मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा है जिससे पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। पिछली बैठक के सापेक्ष वर्तमान तक पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य में कोई संतोषजनक प्रगति नहीं हो सकी है।

निर्देशः

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत 199 नग योजनाओं पर ओवर हेड टैंक के प्री–कास्ट कम्पोनेन्ट की आपूर्ति कर ओ0एच0टी0 का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। आगामी बैठक में पैकेजवार अनुबन्ध के अनुसार प्रगति का बार चार्ट प्रस्तुत किया जाए। यदि फर्म द्वारा आगामी बैठक तक प्रगति में अपेक्षित प्रगति में सुधार नहीं किया जाता है तो जिलाधिकारी महोदय की ओर से उच्चाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।**

**कार्यवाही– परियोजना प्रबंधक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

CS CamScanner

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) को आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 53 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण किया गया है। 41 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं किया गया है। शेष 336 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 352 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 78 नग ट्यूबवेल का कार्य प्रगति पर है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 238 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 192 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 246 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 86 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 98 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4525 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 33 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 180596 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 164572 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष मात्र 85 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 41 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 100 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) के पास पर्याप्त मैनपावर न होने के कारण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है, जबकि कार्यदायी संस्था को अधोहस्ताक्षरी एवं ऑनलाइन साप्ताहिक विभागीय बैठक में भी प्रगति में सुधार लाने हेतु कई बार निर्देशित किया जा चुका है। पिछली बैठक में फर्म को निर्देशित किये जाने के उपरान्त भी वर्तमान बैठक में योजनाओं की प्रगति से सम्बन्धित बार चार्ट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिलाधिकारी महोदय द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कई पाइप पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया गया।

<u>निर्देशः</u>

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0 के उप परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में पैकेजवार अनुबन्ध के अनुसार प्रगति का साप्ताहिक बार चार्ट प्रस्तुत किया जाए। फर्म द्वारा निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर लगाया जाए। फर्म द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के बावजूद अभी तक निर्माण कार्यों में कोई अपेक्षित प्रगति नहीं है। फर्म मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) को पेयजल योजनाओं के कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाने पर जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से प्रमुख सचिव नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को पत्र प्रेषित कराये जाने हेतु अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया। पेयजल योजनाओं के सभी घटकों पर कार्य की जांच हेतु सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर/टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया। किसी भी दशा में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाए। यदि किसी भी दशा में गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अधि0अभि0,जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0 के उपलब्ध मैनपावर की सूची प्राप्त कर सत्यापन कराया जाए।**

कार्यवाही— अधि0अभि0,जल निगम (ग्रामीण)/उप परियोजना प्रबंधक, मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।

निर्देशः

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधि0अभि0,जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सभी आई0एस0ए0 द्वारा करायी जा रही जागरूकता गतिविधियों का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। सभी आई0एस0ए0 अपने अधीनस्थ सदस्यों का मोबाइल नम्बर सहित विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।**

कार्यवाही— अधि0अभि0,जल निगम (ग्रामीण)/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0/समस्त संस्था प्रमुख, आई0एस0ए0।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

CamScanner

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

मुख्य विकास अधिकारी,
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।

पत्रांक : / / दिनांक–

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग इको प्रोटेक्शन(जे0वी0), बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner